कार्यालय, नगर पंचायत, कटेया, गोपालगंज।

Email ID: kateya.ulb@gmail.com

अति अल्पकालिन आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25

स्वच्छता साथी के चयन हेतु विज्ञापन

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना, के पत्रांक–4081 दिनांक–26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा–निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

स्वच्छता साथी के जिम्मेदारी चयन प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देश

स्वच्छता साथी कौन होंगे:–

1. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है, परन्तु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. अभ्यार्थी की उम्र 40 से अधिक ना हो।
3. अभ्यार्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यार्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे से Communicate कर सके।
5. अभ्यार्थी के स्वच्छता से संबंधित कार्यो में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
6. अभ्यार्थी के रूप में Waste Picker Citizen Leader, SHG Member Swachhagarhi, Sanitation Worker, Brand Ambassadors, NULM, ASHA, Anganwadi Workar, NGOs Youth, Community Based Organizations एवं RWAs से संबंधित व्यवित या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
7. नगर पंचायत, स्तर पर कुल संख्या–05 स्वच्छता साथी।

स्वच्छता साथी से मिलने वाले लाभ:–

1. कार्य अवधि पांच घंटे प्रतिदिन न्युनतम होगी।
2. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जाएगी।
3. छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।
4. मानदेय प्रत्येक माह के एक से पांच तारीख तक देय होगा।
5. प्रतिदिन रू0 300.00 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानदेय 300X20=6000.00 रू0 मानेदय के रूप में देय होगा।
6. स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जाएगा, जिसकी अवधि अक्टूबर 2026 तक बढ़ाई जा सकती है।
7. प्रत्येक स्वच्छता साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए Engage किया जाएगा।
8. 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा, जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।
9. सभी स्वच्छता साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, की होगी।
10. छुट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधि मामले सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकरी, देखेगें।
11. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोशजनक नही होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।
12. इस विज्ञापन के शर्तो को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के आंशिक या पूर्णतः संशोधित करने अथवा रद करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

नोट:–

1. यह किसी भी प्रकार से Permanent Position नही है। अतः किसी भी तरह का Claim मान्य नही होगा। स्वच्छता साथी नगर निकाय के कर्मी नही माने जायेगे एवं भविष्य में किसी भी प्रकार का दैनिक/संविदा/नियमित की नियुक्ति का दावा मान्य नही होगा।
2. विशेष जानकारी नगर पंचायत, कटेया से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।
3. आवेदन पत्र दिए गए प्रपत्र में नगर पंचायत, कार्यालय में 28 जनवरी 2025 तक जमा करना होगा।

16/01/25

मुख्य पार्षद
नगर पंचायत, कटेया

Sofna Kumari 16/01/25

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, कटेया।

Scanned with OKEN Scanner